स्थापित 1968

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 3 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 सितम्बर 2022 ✦ वर्ष 11 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5

हस्तिनापुर में आयोजित
अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का
त्रिवार्षिक अधिवेशन एवं प्रतिनिधि सम्मेलन

TAILOR MADE SOLUTIONS FOR DIVERSE INDUSTRY NEEDS

MEI POWER PRIVATE LIMITED

MARSON'S
AGRA, INDIA

25 KVA to 14 MVA
Type Tested as per
BIS Level 3 & 2 / IEC & IS

संस्थापक - स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

(19 अगस्त, 1927 - 31 अगस्त, 2016)

आपका स्नेह, सेवाभाव, समाज की प्रगति की भावना, उच्च विचार एवं
प्रेरणादायक जीवन सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।

Transformers | EPC Contractor | Renewable Energy Solutions

MEI POWER PRIVATE LIMITED

Correspondence: 1/189 Delhi Gate, Civil Lines, **Agra - 282 002 (INDIA)**
Ph: +91 562 2520027, +91 562 2850812
Works: Mathura Road, Artoni, **Agra - 282 007 (INDIA)**
Ph: +91 90277 09944, +91 92580 78803
info@marsonselectricals.com **www.marsonselectricals.com**

9001 14001 MIDEL ENERGY IS LIFE BEE CONSERVE IT EU Directives

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र
(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)
Email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

अंक 3 ✦ 25 सितम्बर 2022 ✦ वर्ष 11

मूल्य ₹ 5/-
कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

महासभा पदाधिकारी

श्री आर.सी. जैन *(अध्यक्ष)*
(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

श्री राजीव रतन जैन *(महामंत्री)*
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

श्री अजीत जैन *(अर्थमंत्री)*
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल

डॉ. अनुपम जैन *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

श्री चन्द्रशेखर जैन *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

श्री प्रकाश चन्द जैन *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार ''बी''
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

श्री पारस जैन गहनौली *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

श्री महेश चन्द जैन *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

संपादक मंडल की ओर से .....

महासभा चुनाव : एक नजर

17-18 सितंबर को हस्तिनापुर में अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के त्रिवार्षिक अधिवेशन, प्रतिनिधि सम्मेलन के साथ केंद्रीय कार्यकारिणी के चुनाव का आयोजन किया गया।

17 सितंबर को दोपहर 3 बजे से अधिवेशन एवं प्रतिनिधि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन एवं सभा का संचालन महामंत्री श्री राजीव रतन जैन ने किया। झंडारोहण फिरोजाबाद निवासी समाजसेवी श्री विमल चंद जी जैन द्वारा किया गया, भगवान महावीर के चित्र का अनावरण ग्वालियर शाखा मंत्री एवं युवा समाजसेवी श्री गौरव जैन ने किया। दीप प्रज्वलन ग्वालियर निवासी समाजसेवी श्री ओम प्रकाश जी जैन कोयले वालों के द्वारा किया गया, जिसमें महासभा के उपस्थित पदाधिकारियों ने भी सामूहिक योगदान दिया।

अधिवेशन में विशेष रूप से सर्वोच्च गणिनी आर्यिका 105 श्री ज्ञानमती माताजी एवं आर्यिका 105 श्री चंद्रमति माताजी संसंघ रुप से उपस्थित रही एवं अपने आशीर्वचनों से सभी को समाज के संगठित होने का उपदेश दिया।

अधिवेशन के दौरान चुनाव अधिकारी श्री अनुपम जैन ने मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई, जिसमें सदन में उपस्थित अनेक प्रतिनिधियों ने होने वाली अव्यवस्थाओं

TRAFO
Power & Electricals Pvt. Ltd.

TRAFO POWER & ELECTRICALS PVT. LTD.

AN ISO 9001:2008 COMPANY

PRODUCTS

-POWER & DISTRIBUTION TRANSFORMERS

-PRESSED STEEL RADIATORS

-SPECIAL PURPOSE TRANSFORMERS

-PACKAGE SUBSTATION

CONTACT

Trafo Power & Electricals Pvt. Ltd.
C-20 Site-C U.P.S.I.D.C., Industrial Area, Sikandra,
Agra, Uttar Pradesh - 282007, India

Phone No : +91-562-3290391
Fax : +91-562-2640388
E-mail : info@trafo.co.in

के बारे में बताया तथा की गई व्यवस्थाओं पर असहमति दर्शाते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत करने का निवेदन किया, लेकिन आसन ने उन्हें इन व्यवस्थाओं के प्रति आश्वस्त किया और चुनाव प्रक्रिया सही तरह से करवाने का आश्वासन दिया।

महासभा के इतिहास में पहली बार यह देखने को मिला कि अधिवेशन के दौरान सदन में सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

रात्रि में पुनः चुनाव अधिकारी के साथ सभी प्रत्याशियों, उनके प्रतिनिधियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्यों ने निर्वाचन व्यवस्थाओं पर आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया, लेकिन उस सभा में भी महासभा के पदाधिकारियों ने अपनी व्यवस्थाओं पर संतोष प्रकट किया और सभी से उपलब्ध व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करने एवं निर्बाध रूप से चुनाव संपन्न कराने के निवेदन के साथ यह सभा समाप्त हुई।

दिनांक 18 सितंबर को महाभारत की नगरी हस्तिनापुर में अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मतदान कार्यक्रम प्रातः 8 बजे प्रारंभ हुआ। शुरुआत के समय मतदान हेतु एक ही हॉल में राजस्थान के लिए व्यवस्था की गई तथा लगभग सात-आठ बूथों का निर्माण कर प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया। कुछ घंटों के मतदान के दौरान ही हॉल के अंदर की व्यवस्थाओं पर मतदाताओं का रोष नजर आने लगा, मतदान हेतु आवश्यक सामग्री मोहर एवं इंकपेड अनुपयोगी होते प्रतीत नजर आने लगे।

जैसा कि पूर्व के दिन में जो आशंकाएं निर्वाचन प्रक्रिया व्यवस्था पर प्रकट की जा रही थी वह मूर्त रूप में दिखाई देने लगी। एक ही प्रवेश द्वार से हॉल के अंदर प्रवेश होने के कारण मतदाताओं का धैर्य टूटता नजर आया, हॉल के बाहर चिलचिलाती धूप एवं पीने के पानी की उपलब्धता न होने के कारण एवं साथ ही हॉल के बाहर कुछ कार्यकर्ताओं ने उकसाने का प्रयत्न किया और देखते-देखते निर्वाचन व्यवस्था वाले हॉल में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में प्रवेश कर लिया एवं चुनावी व्यवस्थाओं को अस्त-व्यस्त कर दिया जिससे लोगों में आक्रोश उत्पन्न हुआ और जो कृत्य किया वो किसी भी मायने में उचित नहीं है। लोग अपने ही रिश्तेदारों एवं सगे संबन्धियों के साथ महाभारत करते दिखे, जो समाज के लिए बहुत ही निंदनीय है। वे लोग भूल गए कि वे सभी लोग उस भगवान महावीर के अनुयायी हैं जिन्होंने सत्य, अहिंसा, धैर्य सहनशीलता का पाठ पूरी दुनिया को पढ़ाया था। उसे अपने समाज के ही चंद लोगों ने तार-तार कर दिया। समाज के ऐसे महाकुंभ में एक धार्मिक स्थान पर और वह भी शांतिनाथ सभागार के अंदर ऐसा कृत्य कर डाला जो इतिहास के पन्नों पर पल्लीवाल जैन समाज के लिए एक कलंक रहेगा।

अभी तक राजनीतिक पार्टियों के चुनाव प्रचार में तो धनबल एवं बाहुबल का प्रयोग होते देखा था लेकिन सामाजिक मंच पर और वह भी विकासशील पल्लीवाल जैन समाज के बंधुओं ने अपनी जिम्मेदारियों का त्याग कर ऐसा तांडव मचाया और खूब लड़ाई-झगड़े हुए और कुछ जागरूक लोगों ने अपने-अपने मोबाइल में उस घटना को कैद कर समाज तक पहुंचाने का कार्य किया।

हंगामे में लोगों ने बैलेट पेपर फाड़ दिए, मतदान रोक दिया गया, दोनों पैनल के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए एवं दोपहर में शुरू हुआ हंगामा अपनी चरम सीमा पर पहुंच गया और अंत में पुलिस प्रशासन को इस व्यवस्था को सुचारु रुप से करने में अपना योगदान देना पड़ा और एस.डी.एम. के सानिध्य में चुनाव अधिकारी श्री अनुपम जैन मौके पर पहुंचे। दोनों पैनलों के लोगों के साथ महासभा

अध्यक्ष, महामंत्री और प्रशासन के लोगों के साथ विचार-विमर्श कर दोपहर 1 बजे तक चुनाव स्थगित किया, बाद में चुनाव अधिकारी द्वारा मतदान प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया। कई घंटों तक गहमा-गहमी होती रही और कुछ समय पश्चात महासभा के अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन एवं महामंत्री श्री राजीव रतन जैन ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की। ***(सभी त्याग-पत्रों के बारे में पत्रिका सम्पादक मण्डल के पास कोई भी अधिकारिक जानकारी नहीं आई है।)***

उपरोक्त घटनाक्रम से यह प्रतीत होता है कि अपने समाज का युवा वर्ग किस दिशा में जा रहा है। चुनाव में बेमतलब कितना कषाय और आपसी वैमनस्यता फैल रही है। इतने बड़े घटनाक्रम के पीछे मूल कारण प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे खर्चे हैं, जिसके कारण से प्रत्येक क्षेत्र से निःशुल्क आने-जाने हेतु बस व्यवस्था, आवास व्यवस्था के साथ धार्मिक स्थल का भ्रमण एवं समाज का निःशुल्क भोजन व्यवस्था, जिससे बिना वोट होने के बाद भी काफी तादाद में ऐसे लोगों का आगमन। लगभग 5000 से ज्यादा व्यक्तियों की उपस्थिति ने वहां की व्यवस्थाओं को बिल्कुल चरमरा दिया। जिसमें भोजन-पानी मुख्य थे, की उपलब्धता बिल्कुल नहीं थी। गर्मी के कारण सामाजिक बंधुओं का पारा और गर्म हो गया और इन अव्यवस्थाओं ने भी इस हंगामे में 'आग में घी' का काम किया। समाज बंधुओं की ज्यादा संख्या चुनाव स्थल में आने के कारण अव्यवस्था होना लाजमी था। अब क्योंकि सभी घटनाक्रम समाज के सम्मुख आ चुके हैं, हमारा एक बार समाज के प्रबुद्ध वर्ग एवं सभी प्रत्याशियों से करबद्ध निवेदन है कि समाज में आगे समरसता बनाने हेतु प्रयास करें, आपसी सौहार्द और रिश्तों को इस चुनावी माहौल में बलि ना चढ़ाएं। एक स्थान पर बैठकर समाज के भविष्य पर पड़ने वाले अंधकार को दूर करें। महासभा के अध्यक्ष एवं महामंत्री के त्याग पत्र की घोषणा के पश्चात कार्यकारिणी महासभा के विधानानुसार अग्रिम कार्यवाही कर पुनः समाज को एक मंच पर लाने का प्रयास करें। समाज के पूर्व पदाधिकारियों का भी इसमें बहुत बड़ा योगदान हो सकता है। आप सभी सोचें एवं उचित निर्णय कर समाज का सौहार्द कायम करें। लेख में किसी को आघात पहुंचा हो तो हम संपादक मंडल के सभी सदस्य आप सभी से क्षमा प्रार्थी हैं।

महासभा सहायता

★ **श्रीमती अरूणा जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री संजय जी जैन, 4/38-39, हाउसिंग बोर्ड काला कुंआ, अलवर ने अपने पति स्व. श्री संजय जी जैन की पुण्य स्मृति में महासभा सहायता हेतु रु. 2100/- भेंट किये। *(र.सं. 5456)*

पत्रिका सदस्यता

3206. **Sh. Pramod Kumar Ji Jain** (Alipur Wale) 1/6, Kala Kuan, Aravali Vihar, Alwar-301001, Mob.: 9828264159 *(CR D-2859)*

3207. **Sh. Pawan Ji Jain,** D-126, Awadhpuri, Gandhi Path West, Jaipur-302021 (Raj.), Mob.: 9549911739 *(CR D-2858)*

3208. **Sh. Kamal Chand Ji Jain,** 1411-G, Vijay Nagar, Near Nightingale Girls College, Alwar-301001 (Raj.)

गंधोदक केवल मस्तक पर लगाना चाहिये

भगवान का गंधोदक परम पवित्र है वह कोई साधारण जल नहीं है; अपितु भगवान के शरीर के स्पर्श से अत्यन्त पवित्र हुआ है। इसकी महान विनय करनी चाहिए तथा मात्र उसे दो अँगुलियों से लेकर केवल मस्तक पर (माथे पर) विनयपूर्वक लगाना चाहिए। शरीर का अन्य कोई भाग गंधोदक लगाने लायक नहीं है। कुछ व्यक्ति उसे सिर पर, आँखों पर, गले पर, पेट पर, छाती पर लगाते हैं। कुछ व्यक्ति उसे पीने भी लगे हैं तथा अपनी दुकान तथा मकान पर ले जाकर छिड़कते हैं। यह महान अज्ञानता है तथा गंधोदक की महान अविनय होने के कारण महान पाप का कार्य है। शरीर के समस्त भागों से मल स्राव होता रहता है, इसलिये गंधोदक को मात्र मस्तक पर लगाना चाहिए।

रात्रि भोजन - निषेध

भोजन, शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। भोजन से हमारे शरीर को पोषक तत्व प्राप्त होते हैं किन्तु भोजन कब और कैसा किया जाना चाहिए- इस सन्दर्भ में जैन तथा जैनेतर शास्त्रों में पर्याप्त चर्चा है। आहार की सात्विकता, शुद्धता एवं पवित्रता नितान्त अपेक्षित है। इसके साथ-साथ यह ध्यातव्य है कि सूर्यास्त से पूर्व ही सांयकालीन भोजन कर लेना चाहिए। रात्रि भोजन का शास्त्रों में निषेध है। रात्रि भोजन, अंहिसा एवं स्वास्थ्य दोनों ही दृष्टियों से प्राकृतिक जीवन पद्धति के प्रतिकूल है।

लोकविश्रुत योग शास्त्र नामक ग्रन्थ में 'रात्रि भोजन निषेध' की व्यापक चर्चा करते हुए कलिकाल सर्वज्ञ आचार्य श्री हेमचन्द्र जी ने लिखा है-

अन्नं प्रेम पिशाचाद्यैः संचरद्भिर्निरंकु शैः ।
उच्छिष्टं क्रियते यत्र, तत्र नाद्यात् दिनात्यये॥
घोरान्धकारुद्धाक्षेः पतन्तो यत्र जन्तवः ।
नैव भोज्ये निरीक्ष्यन्ते, तत्र भुञ्जीत को निशि॥
मेघां पिपीलिका हन्ति, यूका कुर्याज्जलोदरम् ।
कुरुते मक्षिका वान्तिं, कुष्ठरोगं चाकालिकाः॥

अर्थाथ् रात्रि में निरंकुश भ्रमण करने वाले भूत-प्रेत, व्यन्तर तथा पिशाच इत्यादि भोजन को जूठा कर देते है। अतः रात्रि भोजन नहीं करना चाहिए।

रात्री भोजन करने वाले सूअर, कौआ, उल्लू, कुत्ते, बिल्ली की पर्याय में जन्मते है, ऐसा योग्य शास्त्र के तृतीय प्रकाश श्लोक नं. 67 में लिखा है एवं महाभारत के ज्ञान पर्व अध्याय नं. 70 श्लोक नं. 273 में एवं पद्मपुराण प्रथम भाग पेज नं. 325 पर भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित जिसे पन्नालाल जी साहित्याचार्य ने लिखा है। इसका उल्लेख श्री अभिधान राजेन्द्र कोष में भी है।

वैदिक ग्रन्थ सहस्त्रनामस्त्रोत, ऋगवेद, उपनिषद, आदिपुराण व पदमपुराण में भी रात्री भोजन का प्रत्यक्ष रूप से निषेध किया गया है विज्ञान की मान्यतानुसार सूर्यास्त के बाद मानव के तेजस केन्द्र जो भोजन को पचाने का काम करता है, जो सूर्य की गर्मी के कारण सक्रिय रहता है, सूर्यास्त के बाद तेजस केन्द्र सिकुड कर निष्क्रिय हो जाता है, जिससे भोजन पचने के बजाय सड़ जाता है। आयुर्वेदानुसार सोने से 4 घण्टे पूर्व करना चाहिये, अन्यथा वह भोजन सड़ जाता है। अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

रात्री भोजन में चींटी खाने से बुद्धि का नाश व जू खाने से जलोधर, मक्खी से वमन, छिपकली से कोड, बिच्छु से तालुवेध, बाल से स्वर भंग होता है। सूर्य देव की प्रथम किरणों से सूर्य मुखी एवं कमल जैसे दिव्य पुष्प खिलते हैं, और सूर्यास्त होने पर पुष्पों की पंखुडिया स्वतः ही सिकुड़ जाती है। ठीक सूर्यास्त के साथ पाचन तंत्र भी सिकुड जाता है। उसमें पडा हुआ भोजन सड़कर अर्जीण हो जाता है। जैन शास्त्र पद्मपुराण में लिखा है चत्वारो नरकद्वाराः प्रथम रात्री भोजनम् परस्त्रीगमनं चैव सन्धानान्त कायिके। नरक के द्वार रात्री भोजन व परस्त्रीगमनं एवं जमीकन्द का भक्षण है। मार्कड पुराण एवं महाभारत में लिखा है, रात्री भोजन करने वाले व कन्दमूल भक्षण करने वाले नरक में जाते हैं। ''स्कन्ध पुराण कपोल मोचन'' श्लोक 24 में लिखा है। सूर्यास्त होने पर पानी-पीना खून पीने के समान है। महाभारत व मार्कण्डय पुराण के अध्याय 33 के श्लोक में लिखा है ''अस्तंगते दिवानाघे आपो रूधिरमुच्यते। अन्नं मांस-सम प्रोक्तं मार्कण्डय-महार्षिणा''॥ अर्थात् सूर्यास्त होने पर अन्न खाना मांस खाने के समान व पानी-पीना खून पीने के के समान है। निश्चय ही त्यागी की परीक्षा होती है, क्योकि संदेह हमेशा सोने की शुद्धता पर किया जाता है।

रक्तिभवन्ति तोयानि, अन्नानि पिशितानी च।
रात्रौ भोजनसक्तस्य, ग्रासे तन्मासंभक्षणम्॥

अर्थात्- रात में पानी खून हो जाता है तथा अन्न मांस हो जाता है इसलिए रात्री भोजन में आसक्त मनुष्य मांस भक्षी के समान है रात्री भोजन करने वाले नरकगति को प्राप्त होते हैं।

अहिंसा सत्य मस्तेयं, ब्रह्मचर्यमसद्वांता।
मघ-मांस मधु-त्याग-रात्री भोजन वर्जनम्॥

अर्थ- जैनेत्तर शास्त्रों में कहा है अहिंसा, सत्य, अचोर्य, बृह्मचर्य, अपरिग्रह का पालन करना चाहिए, मदिरा, मांस,

मधु व रात्री भोजन का सर्वथा त्याग करना चाहिये।

उपदेश प्रसाद नामक ग्रन्थ में उल्लेख है कि स्त्री हत्या, विप्र हत्या, बाल हत्या तथा गौहत्या इन चार हत्यायों से भी अधिक रात्री भोजन का पाप होने के कारण तद्भव मोक्षगामी दशरथ नन्दन श्री रामचन्द्र जी के लघु भ्राता लक्ष्मण जी को पत्नी वनमाला ने रात्री भोजन न करने की शपथ दिलाई थी। लक्ष्मण जी ने वनमाला को वचन दिया था, यदि वापस न आऊं तो रात्रि भोजन करने वाले को जितना पाप लगता है उतना पाप मुझे लगे। श्री निशीथ सूत्र चूर्णि में उल्लेख है कि रात्री भोजन में चूहे की मींगणी खाने में आ जाये तो मूत्र-रोग व अनेक व्याधि हो जाती हैं। प्रत्यक्ष प्रभावी कलिकाल सर्वज्ञ श्री हेमचन्द्राचार्य जी ने योग शास्त्र में लिखा है जो प्राणी आजीवन पूर्णत रात्री भोजन व जल का त्याग करता है उसे आधी आयुष तक अखण्ड रूप से उपवास की तपस्या का उत्तम लाभ मिलता है और साक्षात् अतिशय की प्राप्ति होती है। कुदरत के परिषह में जो सफल हो जाता है वह निखर जाता है, असफल होने वाला बिखर जाता है।

संकलनकर्ता : महावीर जैन, *अलवर*

विधवा सहायता

★ **श्री महावीर प्रसाद जी जैन, श्री राजेश कुमार जी जैन** (सांथली वाले) निवासी 255, आर्य नगर, स्कीम 1, अलवर ने विधवा सहायता हेतु रु. 6000/- भेंट किये। *(र.सं. 5398)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन एवं श्री पंकज जी जैन,** दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-77 ने विधवा सहायता हेतु रु. 6000/- भेंट किये। *(र.सं. 5336)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन एवं श्री पंकज जी जैन,** दिल्ली जैन पब्लिक स्कूल बिल्डिंग, 12-रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली-77 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5000/- भेंट किये। *(र.सं. 5337)*

दिवंगत जैन मुनि तरुण सागर जी द्वारा रचित कविता

आदमी की औकात

फिर घमंड कैसा
घी का एक लोटा,
लकड़ियों का ढेर,
कुछ मिनटों में राख.....
बस इतनी-सी है
आदमी की औकात!!!!

एक बूढ़ा बाप शाम को मर गया,
अपनी सारी ज़िन्दगी,
परिवार के नाम कर गया,
कहीं रोने की सुगबुगाहट,
तो कहीं ये फुसफुसाहट....
अरे जल्दी ले चलो
कौन रखेगा सारी रात.....
बस इतनी-सी है
आदमी की औकात!!!!

मरने के बाद नीचे देखा तो
नज़ारे नज़र आ रहे थे,
मेरी मौत पे.....
कुछ लोग ज़बरदस्त,
तो कुछ ज़बरदस्ती
रोए जा रहे थे।
नहीं रहा.....चला गया.....
दो चार दिन करेंगे बात.....
बस इतनी-सी है
आदमी की औकात!!!!

बेटा अच्छी सी तस्वीर बनवायेगा,
उसके सामने अगरबत्ती जलायेगा,
खुश्बुदार फूलों की माला होगी....
अखबार में अश्रुपूरित श्रद्धांजलि होगी.....
बाद में शायद कोई उस तस्वीर के
जाले भी नहीं करेगा साफ़....
बस इतनी-सी है
आदमी की औकात!!!!

जिन्दगी भर,
मेरा-मेरा किया....
अपने लिए कम,
अपनों के लिए ज्यादा जिया....
फिर भी कोई न देगा साथ.....
जाना है खाली हाथ....
क्या तिनका ले जाने के लायक भी,
होंगे हमारे हाथ??? बस
ये है हमारी औकात.... !!!!

जाने कौन सी शोहरत पर,
आदमी को नाज है!
जो आखरी सफर के लिए भी,
औरों का मोहताज है!!!!

फिर घमंड कैसा ?
बस इतनी सी है
हमारी औकात.... !!!!

बूंद से मोती

अयोध्या सिंह जी उपाध्याय अपनी सरस एवं ज्ञानवर्धक कविता 'एक बूंद' में लिखते हैं कि बादलों की गोद में एक बूंद थी। जब वह वहां से निकली तो उसके मन में भय था, आशंका थी कि अब उसका क्या होगा। लेकिन उसी समय एक ऐसी हवा चली कि वह सीप के मुंह में गिर गई और मोती बन गई।

'बह गई उस काल कुछ ऐसी हवा
वह समंदर ओर आई अनमनी
एक सुंदर सीप का मुंह था खुला
वह उसी में जा पड़ी मोती बनी।'

ठीक इसी प्रकार हमारा जीवन भी है। यदि सत्संग मिले, सत्साहित्य का स्वाध्याय किया जाए और फिर उसका अनुसरण भी किया जाए तो जीव की मुक्ति हो सकती है, वह मोती बन सकता है।

भक्ति की अभिव्यक्ति अनेक प्रकार से होती है। भक्ति के 9 प्रकार बताए गए हैं। इसे नवधा भक्ति कहते हैं। श्रवण, कीर्तन, स्मरण, चरण सेवा, पूजन, वंदना, दास्य भाव, आत्मसमर्पण और सख्य भाव। श्रीमद्भागवत, विष्णु पुराण तथा रामचरितमानस में भक्ति के इन नौ रूपों का उल्लेख किया गया है। भक्ति से ही मुक्ति मिलती है। बाल्मीकि जी लिखते हैं कि जिसने शीतल एवं शुभ्र सज्जन-संगति रूपी गंगा में स्नान कर लिया, उसको यज्ञ आदि से क्या प्रयोजन है। आदि शंकराचार्य जी कहते हैं कि मनुष्य जन्म, मोक्षेच्छा और महापुरुषों की संगति ईश्वर की कृपा से ही मिलती है। ईश्वर की कृपा प्राप्त करने के लिए भक्ति का मार्ग बताया गया है। भक्ति की अभिव्यक्ति 'स्तव' कहलाती है। जैन धर्म में चौबीसों तीर्थंकरों के नाम का कथन और गुणों का कीर्तन करके उनको मन-वचन-काया से नमस्कार करना 'स्तव' नाम का गुण कहा जाता है। मुक्ति की एक युक्ति है- भगवान के गुणों के प्रति अनुराग रखो, भक्ति करो। भगवान को देखते रहने से भी स्तुति होती है, भक्ति होती है। भक्त भाव विभोर हो जाता है और भगवान के सामने कुछ बोल ही नहीं पाता। अर्हंत भगवान की जय-जयकार करने से अनेक कर्मों की निर्जरा होती है।

भक्त और भगवान के बीच भक्ति सेतु का काम करती है। भक्ति करने से चित्त को शांति मिलेगी, नकारात्मक विचारों का क्षय होगा, अहंकार घटेगा, भव रोगों का नाश होगा एवं हमारा मनुष्य जन्म लेना सार्थक होगा। भगवान प्रत्यक्ष हो या ना हो प्रार्थना करने वाला तो उनके गुणों का स्मरण करके पवित्र हो जाता है। ''हे भगवान! आप तो सुन ही नहीं रहे हैं।'' यह भी एक प्रकार का स्तव है। श्री सम्मेद शिखरजी में चंद्रप्रभ भगवान की टोंक पर बैठी एक वृद्धा कहती है- हे भगवान, तुम यहां आकर बैठे हो, हम तो यहां पर आते हुए थक गए हैं। धन्य हैं प्रभो। हमारा भी कल्याण करो। यह भी इस स्तव ही है। भगवान से प्रार्थना करना कि हमारे कर्मों का नाश हो। यह भी स्तव है। आपकी कृपा से मेरा सब काम हो गया है। यह भी स्तव है। भगवान की भक्ति में स्वाध्याय का भी महत्व है। स्वाध्याय से ज्ञान-चक्षु खुलते हैं।

युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी जब स्तवन करते हैं तो दोनों हाथ जोड़कर गुनगुनाते हुए करते हैं। उनके चेहरे से आनंद का स्रोत बहता है। वे एक-एक शब्द को पीते हैं, आत्मसात करते हैं। चौबीसों भगवंतों की स्तुति गान करने वाले छोटे-छोटे अनेक स्तोत्र हैं, पर आचार्यश्री जी का 'स्वयंभू स्तोत्र' का पाठ उन्हें नई ऊर्जा, नए उत्साह, नए भावों से भर देता है। वे इसमें तन्मय हो जाते हैं। ऐसी तन्मयता अत्यंत दुर्लभ है। स्वयंभू स्तोत्र आचार्य श्री समंतभद्र स्वामीजी ने लिखा है। इसमें 143 श्लोक हैं। यह सब 24 तीर्थंकरों की स्तुति स्तोत्र है।

एक तीर्थंकर को नमस्कार करना वंदना है। अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने के लिए भक्ति रूपी दीपक का सहारा लेना चाहिए। भगवद्भक्त बीहड़ घनघोर जंगल में भी रास्ता पा लेता है लेकिन भगवान को भूल जाने वाला मनुष्य साफ-सुथरे रास्ते पर भी भटक जाता है।

नाम जप की महिमा बताते हुए भक्त शिरोमणि तुलसीदास कहते हैं-

''तुलसी मेरे राम को रीझ भाजे या खीज,
भौम पड़ा जामे सभी उल्टा सीधा बीज।''

अर्थात भूमि में जब बीज बोए जाते हैं तो यह नहीं देखा जाता कि बीज उल्टे पड़े हैं या सीधे, पर फिर भी कालांतर में फसल बन जाती है। इसी प्रकार नाम सुमिरन कैसे भी किया जाए उसके सुमिरन का फल अवश्य मिलता है।

हमारा देश आत्मा की शुद्धता के प्रयासों के लिए जाना जाता है। भारत को योगभूमि कहते हैं, इसलिए जीवन में संतुलन का विशेष महत्व है- सात्विक चर्या, सात्विक अन्न एवं सात्विक विचार। श्रेष्ठ विचार ही मनुष्य की सबसे बड़ी संपदा है। दिव्य व आध्यात्मिक विचार हमारे अंतःकरण को परिष्कृत कर शुभत्व, देवत्व और परमार्थ प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख करते हैं उनसे आनंद, माधुर्य, सौन्दर्य आदि दिव्यताएं स्वतः ही स्फुरित होने लगती हैं।

अतः आइए! हम भी भक्ति सागर में श्रद्धापूर्वक अवगाहल करें और परम सुख की अनुभूति करें। गुरुवर आचार्यश्री ज्ञानसागरजी महाराज कहते थे कि प्रत्येक जीव अपना आत्म कल्याण करने के लिए स्वतंत्र है। अतः अपने कल्याण के लिए भक्ति का आश्रय लें। आप बूंद से मोती बन सकते हैं।

-सुभाष चंद्र पालीवाल
फ्लेट नं. 1 एम डी, वैष्णवी धाम, ब्लॉक सी,
जोका पोस्ट ऑफिस, ठाकुरपुकुर कोलकाता

सुख का अर्थ केवल कुछ पा लेना नहीं, अपितु जो है उसमें संतोष कर लेना भी है। जीवन में सुख तब नहीं आता जब हम ज्यादा पा लेते हैं बल्कि तब भी आता है जब ज्यादा पाने का भाव हमारे भीतर से चला जाता है। सोने के महल में भी आदमी दुखी हो सकता है यदि पाने की इच्छा समाप्त नहीं हुई हो और झोपड़ी में भी आदमी परम सुखी हो सकता है यदि ज्यादा पाने की लालसा मिट गई हो तो। असंतोषी को तो कितना भी मिल जाये वह हमेशा अतृप्त ही रहेगा। सुख बाहर की नहीं, भीतर की संपदा है। यह संपदा धन से नहीं धैर्य से प्राप्त होती है। हमारा सुख इस बात पर निर्भर नहीं करता कि हम कितने धनवान है अपितु इस बात पर निर्भर करता है कि कितने धैर्यवान हैं। सुख और प्रसन्नता आपकी सोच पर निर्भर करती है।

-आयुष जैन, *सी-326, सूर्य नगर, अलवर*

नेता कैसा हो?

जिन्हें पद, मान की चाह हो,
अपनी समृद्धत-समृद्धि का अभिमान हो,
समाज जनों को कैसे जोड़ेंगे, वो
जिनका अहम महान हो।

जहां स्वजनों की चाह हो,
वैमनस्यता, भेदभाव अपार हो,
समाज जनों को कैसे जोड़ेंगे, वो
जिनका अहम महान हो।

जो हठधर्मिता भारी हो,
और निज वैभव अभिमान हो,
समाज जनों को कैसे जोड़ेंगे, वो
जिनका अहम महान हो।

जहां शोषित, वंचित की चीख-पुकार पर,
पक्षपात भारी हो,
ना हो जहां कोई सच सुनने वाला,
राजा की ऐसी क्या लाचारी हो,
जानबूझकर भी राजा सच से अनजान हो,
समाज जनों को कैसे जोड़ेंगे, वो
जिनका अहम महान हो।

जिनको समाज के दीन-दुःखी,
शोषित पीड़ित का भान हो,
निज समाज को परम वैभव पर,
पहुंचाने की ठान हो,
जहां सत्य जानने को आतुर,
सब सभा-जन महान हो,
भेदभाव का नाम ना हो,
निज स्वार्थ का त्याग हो,
हे समाज जन उन्हें वोट देना,
जिनका लक्ष्य महान हो।
जिनका लक्ष्य महान हो।

-विनोद जैन, सवाई माधोपुर

दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत उत्तम आकिंचन धर्म की आराधना

आत्मा अजर-अमर है और निश्चय नय की दृष्टि से शुद्ध भी किंतु जब तक कर्म लगे रहते हैं तब तक आत्मा अपनी विशुद्ध दशा को प्राप्त नहीं कर पाती और इसी कारण उसे संसार में 84,00,000 योनियों में भटकना पड़ता है, इसलिए जैन आचार्यों ने आत्मा के भटकन का मार्ग रोकने के लिए सम्यक्त्व का मार्ग सुझाया। जब इस जीव को आत्म श्रद्धान हो जाता है तब वह आत्मा के वैभव को पा लेता है वरना स्थिति यह रहती है कि-

आप अकेलो अवतरै,
मरे अकेला होय।
यूं कबहूं इस जीव को,
साथी सगा न कोय॥

इस संसार में हमारा कोई साथी नहीं है। अगर कोई साथी है तो वह है धर्म। हमें आकिंचन वृती बनना है, अपरिग्रह धर्म को अपनाना है तो गृहस्थ अवस्था में, श्रावक अवस्था में हमें परिग्रह परिमाण व्रत लेना चाहिए। श्रावक के लिए परिग्रह परिमाण अणुव्रत और साधु के लिए अपरिग्रह महाव्रत धारण करने के लिए आगम में बताया गया है।

जो मुनि सभी प्रकार के परिग्रहों से रहित होकर सुख-दुख के देने वाले कर्म जनित निज भावों को रोककर निश्चिंतता से आचरण करता है उसके आकिंचन धर्म होता है।

आकिंचन धर्म के विपरीत परिग्रह का भाव है। यह मेरा है, ऐसा संकल्प रखना परिग्रह है और मेरा कुछ भी नहीं है, ऐसा मानना, आचरण करना अपरिग्रह व्रत है।

महाराष्ट्र में कहावत है कि 'मनाचा ब्रेक उत्तम ब्रेक' अर्थात् यदि मन पर नियंत्रण है, मन पर संयम है जो उत्तम संयम है।

मैं एक अकेली शाश्वत आत्मा हूं, यह जानना औरश देखना मेरा स्वभाव है। शेष जो भी भाव हैं वह सब बाहरी हैं और संयोग से उत्पन्न हुए हैं, ऐसा मानकर कोई भी पदार्थ मेरे नहीं हैं, जीव के नहीं हैं। जीव के आकिंचन का भाव है, निष्परिग्रहत्व का भाव है तो वह विचारता है कि- मैं अकेला हूं, मैं शुद्ध हूं, मैं आत्म रूप हूं, मैं दर्शन ज्ञान रूप हूं, मैं अन्य किसी भी रूप वाला नहीं हूं। परमाणु मात्र भी मेरा नहीं है। ऐसा मानने वाला अपरिग्रही ही होता है।

यहां की स्थिति बड़ी विचित्र है इसीलिए कहते हैं कि-

यह दुनिया भी अजीब सराये फानी देखी।
यहां की हर चीज आनी जानी देखी॥
जो आकर ना जाए वह बुढ़ापा देखा।
और जो जाके ना आए वह जवानी देखी॥

अपरिग्रह व्रत के पालन के लिए आभ्यंतर और बाह्य परिग्रह का त्याग करना होता है। आभ्यंतर परिग्रह हैं- मिथ्यात्व, क्रोध, मान, माया, लोभ, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्री वेद, पुरुष वेद, नपुंसक वेद तथा बाह्य परिग्रह हैं- क्षेत्र अर्थात् क्षेत्र या भूमि, मकान, चांदी, सोना, धन, धान्य, दासी, दास, वस्त्र और बर्तन। इन सभी का त्याग करना चाहिए।

पूजन में हम सब पढ़ते हैं कि- उत्तम आकिंचन व्रत जानो,

परिग्रह चिंता दुख ही मानो।
फांस तनक सी तन में साले,
चाह लंगोटी की दुःख भाले॥

छोटा सा परिग्रह भी दुःखदाई होता है अतः परिग्रह का त्याग करने के लिए महाव्रत धारण करना चाहिए और आकिंचन व्रती बनकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। आत्मा का उद्धार करना चाहिए।

उत्तम आकिंचन धर्म की जय।

जैनों को अमीरी से जोड़ना बंद करना होगा, अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना बन्द करो

1950 में, महाराष्ट्र में, मराठा अपने आप को रजवड़ों से जोड़ते थे, झूठी अमीरी और राजसी शान का गुणगान करते नहीं थकते थे, नतीजा क्या हुआ। आज 50 साल बाद, उनको रिजर्वेशन के लिये अपना ही महाराष्ट्र जलाना पड़ रहा है, आज वे गाली बक रहे हैं अपने ही लोगों को जो 1950 में झूठी अमीरी में जीते थे। आज महाराष्ट्र में अन्य लोग मराठों नफरत से करते हैं। यही हाल राजपूतों का भी हुआ।

जैनों को ये बात समझनी होगी कि लोकतंत्र में विक्टिम ही बने रहना चाहिये, तभी सरकारी योजनाओं का फायदा मिलता है। हो सकता है कुछ जैन के पास पैसा हो, लेकिन अमीरी के इस गुणगान के पीछे की कहानी क्या है-

1. जैन न तो सरकारी स्कीम का फायदा ही लेता है, और 'जैन अमीर हैं' ये सोच कर न ही कोई सरकार उनके लिए कोई स्कीम ही बनाती है।

2. जैन अमीर हैं ये सुनकर, लव जिहादी जैन की लड़कियों के शिकार पर निकल पड़े हैं।

3. जैन अमीर हैं, ये सुनकर, अपहरण करने वाले, रॉबरी करने वाले जैन के घरों को निशाना बना रहे हैं।

4. जैन अमीर हैं, ये सुन-सुन कर हमारे आस-पड़ोस में रहने वाले लोग हमसे जलन रखने लग गए हैं।

5. जैन अमीर हैं, ये सुनकर EWS के स्कीम में सबसे जांच पड़ताल जैन की फ़ाइल की ही होती है।

6. जैन अमीर हैं, ये सुनाकर ईसाई मिशनरी, गरीब जैनों को बोल रही है कि तुम्हारे अमीर जैन भाई तुम्हारी मदद क्यों नहीं करते।

अमीर जैन के लिये हो सकता है इन सब बातों से कोई फर्क न पड़ता हो, लेकिन एक गरीब जैन ....?

भाइयों झूठी शान से बाहर निकलो और जैन अमीर है ऐसी गप्प मारना बंद करो। अगर अमीर हो तो अपने गरीब भाइयों की मदद करो और सरकार पर दबाव बनाओ की जैनों के लिये अच्छी योजना बनाओ।

विश्व जैन संगठन द्वारा विशाल पैदल मार्च

विश्व जैन संगठन द्वारा सर्वोच्च जैन तीर्थ पारसनाथ पर्वत को बिना जैन समाज की सहमति के वन्य जीव अभ्यारण्य का एक भाग घोषित कर पर्यटन स्थल बनाकर तीर्थ की स्वतंत्र पहचान, पवित्रता नष्ट करने वाली अधिसूचना रद्द कराने और पर्वत को पवित्र 'जैन तीर्थस्थल' घोषित कराने की मांग हेतु प्रसिद्ध जैन लाल मंदिर, लाल किला से राजघाट, दिल्ली तक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया।

विशाल पैदल मार्च के संयोजक विश्व जैन संगठन के अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि केंद्र व झारखंड सरकार को दिए निवेदनों पर कोई कार्यवाही न किये जाने के विरोध में 2 अगस्त को काला दिवस के रूप में मनाते हुए विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया गया।

जैन संत पूज्य क्षुल्लक श्री योगभूषण जी महाराज, गुरु गणी श्री राजेंद्र विजय जी महाराज और भट्टारक सौरभ जी ने अनादि काल से जैन तीर्थ की स्वतंत्र पहचान और प्राचीन प्राकृतिक स्वरुप को पूर्ववत बनाये रखने और झारखण्ड सरकार व वन मंत्रालय से शास्वत जैन तीर्थ को वन्य जीव अभ्यारण्य व पर्यटन स्थल आदि की सूची से बाहर करने की मांग की।

लाल किले से राजघाट तक उमस भरी गर्मी में धूप में तीन किमी पैदल चलकर सभी ने श्री सम्मेदशिखर जी की रक्षा के लिए सुबह 10 बजे लाल किला पहुंचने से लेकर राजघाट तक किसी ने ना ही कुछ खाया और न ही पानी पिया।

दिल्ली की प्रमुख जैन संस्थाओं के पदाधिकारी श्री चक्रेश जैन, मदन लाल जैन, पवन गोधा, विकास जैन, नीरज जैन, पुनीत जैन, महासभा से सुमित जैन और दिल्ली व अन्य राज्यों से आये विभिन्न जैन संस्थाओं व अन्य गणमान्यों ने झारखंड और केंद्र सरकार से गजट रद्द कर पर्वत का वंदना मार्ग अतिक्रमण मुक्त, यात्री पंजीकरण, सामान जांच के लिए दो चेक पोस्ट, पर्वत पर सोलर लाईट और पर्वत व मधुबन की पवित्रता के लिए सम्पूर्ण क्षेत्र को मांस-मदिरा मुक्त पवित्र 'जैन तीर्थ स्थल' अतिशीघ्र घोषित करने की मांग की।

*-**सचिन जैन**, बड़ौत, उत्तर प्रदेश*

चमत्कारी शंख

किसी समुद्र तट पर एक मछुआरा रहता था, जिसका नाम दीनू था। वह दिन भर मछलियों को पकड़ता तथा शाम को पास के शहर में जाकर बेच देता। उसी में उसकी गृहस्थी खुशी-खुशी चल रही थी। वह घर में अकेला था। उस पर किसी की जिम्मेदारी नहीं थी। कभी-कभी उसे अकेलापन परेशान करता परंतु पास पड़ोस के बच्चों के बीच रहकर वह अपना सारा दुख भूल जाता। रोज शाम को शहर से वह तरह-तरह की चीजें लाता और बच्चों में बांट देता। बच्चे उससे बहुत प्यार करते और दीनू भी उन्हीं बच्चों को अपना परिवार मानता था।

दीनू के घर से थोड़ी दूर पर रामनाथ रहता था। उसकी एक बेटी पूजा थी। वह बहुत चंचल और नटखट थी परंतु जिद्दी ऐसी थी कि जो मांग लेती, न मिलने पर आसमान सिर पर उठा लेती थी। अगर वह किसी का कहना मानती, तो वह दीनू ही था। दीनू भी उससे स्नेह करता था।

एक रात पूजा सो रही थी। उसने सपने में एक बहुत बड़ा शंख देखा। सुबह उठी तो उसने रट लगा दी, मुझे सपने वाला शंख चाहिए। रामनाथ ने पूजा को समझाया पर वह नहीं मानी, अचानक उसे दीनू का ध्यान आया। वह झट दीनू के घर की ओर भागी। परेशान रामनाथ उसके पीछे-पीछे था। पूजा दीनू के घर जा पहुंची। दीनू मछली पकड़ने जाने वाला ही था। पूजा को देखते ही उसने अचरज से पूछा, 'अरे! पूजा कहां से भागती आ रही हो?' और उसने पूजा को दुलार से गोदी में उठा लिया।

'चाचा! मुझे सपने वाला बड़ा-सा शंख चाहिए।' पूजा ने हाथ से बड़ा-सा आकार दिखाया।

'तू उसका क्या करेगी?' दीनू ने आश्चर्य से पूछा। रामनाथ ने पूजा की जिद के बारे में उसे बताया। सुनकर दीनू हंस पड़ा।

'ठीक है, शाम को शंख लेता आऊंगा।' दीनू ने पूजा को समझाया। वह रोने लगी। बड़ी मुश्किल से उसे समझाकर दीनू ने उसे वापस भेजा।

दीनू मछलियां पकड़ने चल पड़ा। समुद्र तट पर दूसरे मछुआरे भी साथ थे। दुर्भाग्य से उस दिन दीनू के जाल में एक भी मछली नहीं फंसी। दीनू परेशान हो गया। शाम हो गई परंतु उसका भाग्य नहीं बदला। थक-हारकर वह किनारे लौटा। तभी उसकी आंखें चमक उठीं। सामने रेत पर उसे एक शंख दिखाई दिया। वह बहुत बड़ा और सुंदर था। उसमें से प्रकाश निकल रहा था। दीनू खुश होकर शंख की ओर बढ़ ही रहा था कि कहीं से दौड़ता हुआ एक आदमी आया और शंख को उठाकर चलता बना। दीनू के वहां पहुंचने से पहले ही वह गायब हो गया। दीनू खड़ा-खड़ा देखता रहा, फिर उदास मन से घर लौट गया। रामनाथ दीनू के घर पर ही बैठा था। उसने दीनू को देखते ही पूछा, 'भाई शंख लाए?'

'नहीं, आज न तो मछलियां ही मिलीं और न ही शंख।' दीनू उदास मन से बोला।

'पूजा को अब कैसे समझाऊं? सुबह से शंख की रट लगाए बैठी है। बड़ी मुश्किल से सोई है। न जाने क्यों, उसे बुखार भी हो गया है।' रामनाथ परेशान स्वर में बोला।

'भगवान पर भरोसा रखो। सब ठीक हो जाएगा। कल चाहे जैसे भी होगा, मैं जरूर शंख ले आऊंगा।' दीनू यह कहते हुए घर के अंदर चला गया। दीनू रात भर सो न सका। उसकी आंखों के सामने बार-बार पूजा का रोता हुआ चेहरा घूम आता था। दीनू ने मन ही मन प्रण किया कि कल मैं किसी भी कीमत पर शंख जरूर ले आऊंगा। सुबह पौ फटने से पहले ही दीनू समुद्र में उतर गया। मछलियों का ढेर लग गया परंतु शंख एक भी न मिला। तभी उसने एक व्यापारी को देखा, जो चिल्ला-चिल्ला कर लोगों से कह रहा था, 'मेरे पास एक अद्भुत शंख है, इस सदियों पुराने शंख को जो खरीदेगा, उसके घर में लक्ष्मी आएगी। जो सबसे अधिक कीमत देगा, यह शंख उसी का हो जाएगा।' कहते हुए उसने झोले से एक शंख निकाला। अद्भुत और चमकीला। उस शंख को देखकर दीनू हैरान था, क्योंकि वह वही शंख था, जो उसने समुद्र के किनारे देखा था। दीनू से रहा नहीं गया। उसने जोर से चिल्लाते हुए कहा, 'भाइयो, यह सदियों पुराना शंख नहीं है। इसे इसने कल ही समुद्र के किनारे से उठाया है। इसे मैं उठाने ही जा रहा था कि यह उठाकर भाग गया।'

वहां खड़े लोग, जो शंख को खरीदना चाह रहे थे, भला-बुरा कहते हुए चले गए। वहां केवल वह शंख बेचने वाला ही खड़ा रह गया। उस ठग ने अपने साथियों के साथ मिलकर दीनू को खूब पीटा और उसके पैसे छीनकर भाग खडे हुए। दीनू को अपनी चोटों की परवाह नहीं थी, उसे केवल दुख इस बात का था कि अब वह पूजा के लिए शंख कैसे ले जाएगा, क्योंकि उसके सारे पैसों को ठग छीनकर ले गए थे। दीनू रात भर दुख से समुद्र किनारे ही बैठा रहा। सुबह होते ही दीनू भारी मन से घर की ओर चला। चोट लगने के कारण वह चल भी नहीं पा रहा था। रास्ते में

ही उसे रामनाथ मिल गया। दीनू उससे कुछ कह पाता, उससे पहले ही रामनाथ बोल पड़ा, 'दीनू तुम रात भर कहां थे? हम तुम्हें ढूंढ़ रहे थे। रात को ही तुम्हारा भेजा हुआ शंख पूजा को मिल गया। उसकी तबीयत अब ठीक है। वह उसी शंख के साथ खेल रही है और तुम्हें याद कर रही है। तुम जल्दी चलो।'

दीनू आश्चर्यचकित रह गया, क्योंकि उसने तो किसी की मार्फत शंख नहीं भेजा था। घर पहुंचकर उसने देखा कि पूजा शंख के साथ खेलती हुई बहुत खुश है। यह शंख ठीक वैसा ही था, जिस प्रकार का उस ठग के पास था। दीनू की समझ में नहीं आया कि यह चमत्कार कैसे हो गया? उसी समय शंख से आवाज आई, 'दीनू आश्चर्य मत करो। मैं चमत्कारी शंख हूं। इस बच्ची की खुशी के लिए तुमने पिटाई खाई और अपने सारे पैसों को गंवाया। बच्चों में देवता का निवास होता है, जो बच्चों को हरदम खुश देखना चाहता है, उसकी देवता भी सहायता करते हैं। मैं स्वयं ही यहां आया हूं।' शंख की बात सुनकर सब आश्चर्यचकित रह गए.. !!

विधवा सहायता

श्री अमीर चंद जैन सेनि. आईएएस, निवासी नहर रोड, गंगापुर सिटी ने 2 विधवा सहायता हेतु रु. 24,000/- (र. सं. 5437) महासभा के विधवा सहायता कोष में प्रदान की। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा आपके इस आत्मीय सहयोग के लिए सदैव आभारी रहेगी एवं बार-बार अनुमोदना करती है।

जो अपने परिवार के लिए 21 से 60 वर्ष कमाने में व्यस्त रहे, उनके लिए समर्पित एक छोटी सी रचना

****

कैसे कटा 21 से 60
तक का यह सफ़र,
पता ही नहीं चला।

क्या पाया, क्या खोया,
क्यों खोया,
पता ही नहीं चला!

बीता बचपन,
गई जवानी
कब आया बुढ़ापा,
पता ही नहीं चला।

कल बेटे थे,
कब ससुर हो गये,
पता ही नहीं चला!

कब पापा से
नानु बन गये,
पता ही नहीं चला।

कोई कहता सठिया गये,
कोई कहता छा गये,
क्या सच है,
पता ही नहीं चला!

पहले माँ बाप की चली,
फिर बीवी की चली,
फिर चली बच्चों की,
अपनी कब चली,
पता ही नहीं चला!

बीवी कहती
अब तो समझ जाओ,
क्या समझूँ,
क्या न समझूँ,
न जाने क्यों,
पता ही नहीं चला!

दिल कहता जवान हूँ मैं,
उम्र कहती है नादान हूँ मैं,
इस चक्कर में कब
घुटनें घिस गये,
पता ही नहीं चला!

झड़ गये बाल,
लटक गये गाल,
लग गया चश्मा,
कब बदली यह सूरत
पता ही नहीं चला!

समय बदला,
मैं बदला
बदल गई मित्र-मंडली भी
कितने छूट गये,
कितने रह गये मित्र,
पता ही नहीं चला

कल तक अठखेलियाँ
करते थे मित्रों के साथ,
कब सीनियर सिटिज़न
की लाइन में आ गये,
पता ही नहीं चला!

बहु, जमाई, नाते, पोते,
खुशियाँ आई,
कब मुस्कुराई उदास
ज़िन्दगी,
पता ही नहीं चला।

जी भर के जी लो प्यारे
फिर न कहना कि...
मुझे पता ही नहीं चला।

संकलन :
चन्द्रशेखर जैन

शाखा मुम्बई

अ.भा.प. जैन महासभा की मुम्बई शाखा के द्वारा चलाया जाने वाला बहुचर्चित ग्रुप "Ek Duje ke liye" ने एक नया फार्म बनाया है] जिससे सभी का बॉयोडाटा का पूरा रिकार्ड रखा जा सके और आवश्यकतानुसार लोगों की मदद की जा सके, जिससे सभी लोग अपने इच्छित वर-वधू का चुनाव बहुत ही सरलता से कर सकते हैं। यह सेवा बिल्कुल निःशुल्क है। आप सबसे अनुरोध है कि यह फार्म अपने मित्रों रिश्तेदारों को भी भेजें जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका फायदा हो सके। इसकी प्रथम पत्रिका प्रकाशित हो चुकी है। किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए सम्पर्क करें :-

SHASHI PALIWAL, *Mumbai*
Mob.: 9769894353
Updated Link :
https://forms.gle/GEDD8R53Siqig2nt6

कोई भी असुविधा होने पर आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं और हमसे संपर्क भी कर सकते हैं :-

palliwalsamajmumbaishakha@gmail.com

****

शाखा आगरा ग्रामीण अंचल

आगरा-मथुरा रोड स्थित ग्राम रुनकता में श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आश्विन कृष्णा तृतीया दिन मंगलवार दिनांक 13.09.2022 को देवाधिदेव 1008 भगवान नेमिनाथ जी का वार्षिक कलशाभिषेक एवं पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामीण अंचल में स्थित ग्रामों तथा आगरा, सिकंदरा एवं आस-पास के शहरों में निवास करने वाले जैन समाज से सैकड़ों की संख्या में श्रावकगणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम छोटे-छोटे बच्चों द्वारा संगीत की धुन पर धार्मिक भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही वृद्धजन सम्मान समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह भी किया गया। मंदिर जी के व्यास (माली) एवं उनके परिवार को भी सम्मानित किया गया।

श्रीजी एवं विनायक यंत्र जी को सिर पर विराजमान कर गांव में भ्रमण कराया गया। श्रीजी को सिर पर विराजमान करने का सौभाग्य श्री हुकम चंद - नरेन्द्र कुमार जैन, रुनकता परिवार एवं यंत्र जी को विराजमान करने का सौभाग्य श्री बिमल चंद - ऊषा जैन रुनकता परिवार को बोलियों के माध्यम से प्राप्त हुआ।

भ्रमण उपरान्त बोली के माध्यम से प्रथम कलशाभिषेक एवं शांतिधारा सम्पन्न कराई गई। प्रथम कलशाभिषेक एवं शांतिधारा सम्पन्न करने का सौभाग्य श्री गजेन्द्र-अंतेश जैन, रुनकता परिवार को प्राप्त हुआ।

आयोजन में श्रीमती ऊषा जैन 'मारसन्स', जितेन्द्र कुमार जी जैन, संजय जैन, अशोक जैन पूर्व डिप्टी मेयर, मनीष ठेकेदार, चन्द्र प्रकाश जैन, संजीव जैन, मंत्री ग्रामीण अंचल, पंकज जैन, देवकी नंदन जी, पवन चौधरी, रवीन्द्र जैन बुर्श वाले, पवन जैन, शेखर जैन, रिखब चंद जैन, दिनेश चंद जैन, भागचंद जैन, एवं समस्त सदस्य श्री नेमिनाथ नवयुवक मंडल रुनकता एवं श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर रुनकता समिति के सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

समस्त कार्यक्रम एवं पूजा-अर्चना विशाल जैन म्यूजिकल पार्टी के सानिध्य में पूर्ण हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री सौरभ जैन 'शास्त्री', मंत्री श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर रुनकता समिति के द्वारा बहुत ही कुशलता पूर्वक किया गया। कार्यक्रम उपरान्त सभी पधारे हुए अतिथियों के वात्सल्य भोज की व्यवस्था की गई।

दस लक्षण पर्व

श्री 1008 श्री चंद्रप्रभु दिगंबर पल्लीवाल जैन मंदिर, शक्ति नगर, गोपालपुरा बायपास, जयपुर में 12.08.2022 से 11.09.2022 तक भाद्रपद माह में विशेष आयोजन हुए।

31.08.2022 से दस लक्षण विधान का आयोजन रहा जो 09.08.2022 को हवन के साथ संपन्न हुआ। दो वर्ष कोरोना काल के पश्चात इस तरह के कार्यक्रम में सभी धर्मप्रेमी लोगों ने अतिउत्साह से भाग लिया। सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर बोलियां एवं दान पुण्य किया।

शाम को महाआरती का आयोजन होता था आरती लेने वालों के घर से बैंड बाजे के साथ मंदिरजी में आरती आती फिर साज बाज के साथ श्रीजी की आरती होती उसके बाद भक्ति का रंगारंग कार्यक्रम होता। चंद्रप्रभु महिला मंडल एवं जन जागृति महिला मंडल के द्वारा रात्रि में भी कार्यक्रम- फैंसी ड्रेस, भजन, डांस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें सभी ने भाग लिया। इस पवित्र माह में पंचमी, चौदस और पड़वा को कलशाभिषेक हुए जिसमें माला पहनाने की बोलियां भी लोगों ने मनकर लगाई।

इस माह के अंतिम दिन पड़वा को कलशाभिषेक एवं सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया गया। तपस्वियों का सम्मान भी किया गया, जिसमें समाज के लोग सैकड़ों की संख्या में मौजूद थे। मंदिर कमेटी की तरफ से खोपरा-मिश्री का प्रसाद बांटा और अंत में मंत्री सतीश कुमार जैन (हरसाना वाले) ने सभी का आभार प्रकट किया।

****

श्री 1008 श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन पल्लीवाल जैन मंदिर, शक्ति नगर, गोपालपुरा बायपास, जयपुर कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव दिनांक 11 सितंबर 2022 को संपन्न हुए कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्विरोध रूप से निम्नानुसार चुना गया-

श्री शिखर चंद जैन
(अध्यक्ष)

अध्यक्ष- *श्री शिखर चंद जैन (नौगांव वाले)*, **मंत्री**- *श्री पारस जैन (गहनौली)*, **उपाध्यक्ष**- *श्री संजय जैन (अलीपुर वाले)*, **सहमंत्री**- *श्री महेश चंद जैन (खेरली वाले)*, **कोषाध्यक्ष**- *श्री सुरेश चंद जैन (भागीरथ नगर)*, **सदस्य**- *श्री निर्मल जैन (परवैणी वाले), श्री सतीश कुमार जैन (हरसाना वाले), श्री हरीश चन्द जैन (हरसाना वाले), श्री सुरेश चन्द जैन (परवैणी वाले), श्री राजेंद्र कुमार जैन (शक्ति नगर), श्री अनिल कुमार जैन (10बी स्कीम), श्री सुमत प्रसाद जैन (सूर्य नगर), श्री अशोक कुमार जैन (बापू नगर), श्रीमती मीना जैन (शुभम विहार), श्रीमती विमला जैन (जगदीश कॉलोनी)।*

श्री पारस जैन गहनौली
(मंत्री)

श्री आकाश जैन *(कोषाध्यक्ष- अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा रावतभाटा)* सुपुत्र श्री दिनेश जी जैन ने मुनिश्री 108 शुद्ध सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पर्युषण पर्व में दस दिन के उपवास की मुनिश्री के सानिध्य में साता पूर्वक पारणा हुई। समस्त समाज आपकी तपस्या एवं पुण्य की बारंबार आनुमोदना करता है।

भूल सुधार

माह जुलाई 2022 की पत्रिका में पृष्ठ 18 पर महासभा सदस्यों की सूची में 21 नं. पर नाम में त्रुटि होने पर खेद है, जिसे निम्न प्रकार पढ़ा जाये-

21. श्रीमती पंचम जैन पत्नी श्री वरूण कुमार जैन, 02/107, काला कुंआ अरावली विहार हाउसिंग बोर्ड, अलवर।

शोक संवेदना

श्रीमती उर्मिला जी जैन धर्मपत्नी श्री टीकम चन्द जैन (धनौली वाले) का स्वर्गवास दिनांक 08.08.2022 को हो गया है। आप धार्मिक, सामाजिक एवं सरल स्वभाव की महिला थीं। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा वीर प्रभु से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए संवेदना प्रेषित करती है।

1. **श्री लोकेश जैन** पुत्र स्व.श्री रमेश चंद जैन, वर्धमान नगर, रूप होटल के पीछे, आदि गौड़ धर्मशाला के पास, हिंडौन सिटी, जिला करौली *(र.सं. 5403)*
2. **नेहा जैन** पुत्री श्री त्रिलोक चंद्र जैन, वर्धमान नगर, रूप होटल के पीछे, आदि गौड़ धर्मशाला के पास, हिंडौन सिटी, जिला करौली *(र.सं. 5404)*
3. **श्री रितिक जैन** पुत्र श्री त्रिलोक चंद्र जैन, वर्धमान नगर, रूप होटल के पीछे, आदि गौड़ धर्मशाला के पास, हिंडौन सिटी, जिला करौली *(र.सं. 5405)*
4. **श्री रमन लाल जैन** पुत्र श्री लक्ष्मी चंद्र जैन, मंडावरा मार्ग, शिव कॉलोनी, हिंडौन सिटी, जिला करौली *(र.सं. 5406)*
5. **श्री जितेंद्र कुमार जैन** पुत्र श्री लक्ष्मी चंद्र जैन, मंडावरा मार्ग, शिव कॉलोनी, हिंडौन सिटी, जिला करौली *(र.सं. 5407)*
6. **श्रीमती शशि सेठी** धर्मपत्नी श्री कैलाश चंद, 48 श्रीराम वाटिका, 52 फीट हनुमान मंदिर के पीछे, आगरा रोड, बागराना जयपुर *(र.सं. 5408)*
7. **खुशी जैन** पुत्री श्री पारस जैन, वार्ड नं. 4, बानमोर, शीतला गली, बामोर खुर्द, मुरैना *(र.सं. 5409)*
8. **श्री हनी जैन** पुत्र श्री पारस जैन, वार्ड नं. 4, बानमोर, शीतला गली, बामोर खुर्द, मुरैना *(र.सं. 5410)*
9. **श्रीमती अंकिता जैन** धर्मपत्नी श्री मयंक जैन, मैन मार्केट, मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5411)*
10. **श्रीमती सत्यवती जैन** धर्मपत्नी श्री जगदीश प्रसाद जैन, मैन मार्केट, मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5412)*
11. **श्वेता जैन** पुत्री स्व. श्री देवेंद्र कुमार जैन, गांव व पोस्ट मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5413)*
12. **कमल जैन** पुत्र श्री गजेंद्र कुमार जैन, गांव व पोस्ट मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5414)*
13. **श्री रितिक जैन** पुत्र श्री अनिल कुमार जैन, मैन बाजार मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5415)*
14. **श्रीमती ज्योति जैन** धर्मपत्नी श्री दीपक जैन, मैन चौराहा मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5416)*
15. **काजल जैन** पुत्री श्री मुकेश चंद्र जैन, मैन बाजार मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5417)*
16. **नेहा जैन** पुत्री श्री महावीर प्रसाद जैन, वार्ड नंबर 2, नई जैन कॉलोनी, हिंडौन सिटी *(र.सं. 5418)*
17. **श्री गोवर्धन जैन** पुत्र श्री मदन लाल जैन, म.नं. 498, सेक्टर 3ए, आवास विकास कॉलोनी, आगरा *(र.सं. 5419)*
18. **चंचल जैन** पुत्री श्री गोवर्धन जैन, म.नं. 498, सेक्टर 3ए, आवास विकास कॉलोनी, आगरा *(र.सं. 5420)*
19. **श्री हर्ष जैन** पुत्र श्री गोवर्धन जैन, म.नं. 498, सेक्टर 3ए, आवास विकास कॉलोनी, आगरा *(र.सं. 5421)*
20. **श्रीमती राजकुमारी जैन** धर्मपत्नी श्री गोवर्धन जैन, म.नं. 498, सेक्टर 3ए, आवास विकास कॉलोनी, आगरा *(र.सं. 5422)*
21. **श्रीमती अर्चना जैन** धर्मपत्नी श्री चंद्रशेखर जैन, गांव पोस्ट शेरपुर, तहसील हिंडौन सिटी, जिला करौली *(र.सं. 5423)*
22. **श्रीमती संगीता जैन** धर्मपत्नी श्री विकास जैन, गांव पोस्ट शेरपुर, तहसील हिंडौन सिटी, जिला करौली *(र.सं. 5424)*
23. **श्रीमती निधि जैन** धर्मपत्नी श्री नितिन जैन, 1687, शक्ति कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड, मंडावर, महुआ *(र.सं. 5425)*
24. **श्री नितिन जैन** पुत्र श्री शिखर चंद्र जैन, 1687, शक्ति कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड, मंडावर, महुआ *(र.सं. 5426)*
25. **श्रीमती राजकुमारी जैन** धर्मपत्नी श्री गिरीश जैन, गांव पोस्ट मिढ़ाकुर, जिला आगरा *(र.सं. 5427)*
26. **श्रीमती पूनम जैन** धर्मपत्नी श्री अमित जैन, मैन चौराहा मिढ़ाकुर, जिला आगरा *(र.सं. 5428)*
27. **श्री मोहित जैन** पुत्र श्री उमेश चंद्र जैन, मैन बाजार मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5429)*
28. **श्री रजत जैन** पुत्र श्री महावीर प्रसाद जैन, वार्ड नं. 2, नई जैन कॉलोनी, वर्धमान नगर, हिंडौन सिटी *(र.सं. 5430)*
29. **श्रीमती संगीता जैन** धर्मपत्नी श्री रजत जैन, वार्ड नं. 2, नई जैन कॉलोनी, वर्धमान नगर, हिंडौन सिटी *(र.सं. 5431)*
30. **श्रीमती पुष्पा देवी** धर्मपत्नी श्री महावीर प्रसाद जैन, वार्ड नं. 2, नई जैन कॉलोनी, वर्धमान नगर, हिंडौन सिटी *(र.सं. 5432)*
31. **श्री महावीर प्रसाद जैन** पुत्र स्व.श्री भोदूराम, वार्ड नं. 2, नई जैन कॉलोनी, वर्धमान नगर, हिंडौन सिटी *(र.सं. 543)*
32. **श्री जितेंद्र जैन** पुत्र श्री अनिल कुमार जैन, मैन बाजार, मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5434)*

34. **श्रीमती अन्नु जैन** धर्मपत्नी श्री प्रभाकर जैन, मैन मार्केट मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5435)*
36. **निशा जैन** पुत्री श्री प्रकाश चंद्र जैन, मैन बाजार मिढ़ाकुर, आगरा *(र.सं. 5436)*
37. **श्री नीरज कुमार जैन** पुत्र श्री विजय कुमार जैन, 2/5, बीबन्डी, रून्धवारा, फरूखाबाद *(र.सं. 5399)*
38. **श्री संदीप जैन** पुत्र श्री विजय कुमार जैन, 5368, लड्डूघाटी, पहाड़गंज, नई दिल्ली *(र.सं. 5452)*
39. **श्रीमती राजमणि जैन** धर्मपत्नी श्री संदीप जैन, 5368, लड्डूघाटी, पहाड़गंज, नई दिल्ली *(र.सं. 5453)*
40. **श्रीमती सन्नी जैन** धर्मपत्नी श्री नरेश कुमार जैन, 29बी, द्वितीय फ्लोर सलीनोल, राम नगर, पहाड़गंज, नई दिल्ली *(र.सं. 5454)*
41. **श्रीमती नमिता जैन** धर्मपत्नी श्री अजय जैन, जेए/26, फेज 1, अशोक विहार, नई दिल्ली *(र.सं. 5455)*
42. **श्री मयंक जैन** पुत्र श्री प्रदीप जैन, फ्लेट नं. 310, कावेरी ग्रीन अपार्टमेन्ट, कैलाश विहार, आगरा *(र.सं. 5457)*
43. **श्रीमती वीना जैन** धर्मपत्नी श्री राजिन्दर कुमार जैन, बी-3, रंजीत नगर, भरतपुर *(र.सं. 5458)*
44. **श्री शुभम जैन** पुत्र श्री राजिन्दर कुमार जैन, बी-3, रंजीत नगर, भरतपुर *(र.सं. 5459)*
45. **श्रीमती दीक्षा जैन** धर्मपत्नी श्री शुभम जैन, बी-3, रंजीत नगर, भरतपुर *(र.सं. 5460)*
46. **श्री हर्षित जैन** पुत्री श्री राकेश कुमार जैन, ई-141,रंजीत नगर, भरतपुर *(र.सं. 5461)*
47. **श्रीमती विनिता जैन** पत्नी श्री राकेश कुमार जैन, ई-141,रंजीत नगर, भरतपुर *(र.सं. 5462)*
48. **श्री राजेश कुमार जैन** पुत्र श्री अमीर चन्द जैन, 876 एस पी एम नगर, भरतपुर *(र.सं. 5463)*
49. **श्रीमती रश्मि जैन** धर्मपत्नी श्री राजेश कुमार जैन, 876 एस पी एम नगर, भरतपुर *(र.सं. 5464)*
50. **श्री श्रेयांश जैन** पुत्र श्री राजेश कुमार जैन, 876 एस पी एम नगर, भरतपुर *(र.सं. 5465)*
51. **श्रीमती पूनम जैन** धर्मपत्नी श्री प्रदीप जैन, फ्लेट नं. 310, कावेरी ग्रीन अपार्टमेन्ट, कैलाश विहार, आगरा *(र.सं. 5466)*

बधाई

श्रीमती लक्ष्मी जैन (अध्यापिका) पत्नी श्री शैलेश कुमार जैन पुत्रवधू श्री रमेशचंद्र जैन एवं श्रीमती प्रेमलता जैन (रसीदपुर वाले) हाल निवासी जनकपुरी, दाउदपुर, अलवर को महिला सशक्तिकरण तथा महिला अधिकारिता के क्षेत्र में संपादित किए गए उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय उपलब्धि पर दिनांक 26 अगस्त 2022 को महिला समानता दिवस पर जिला प्रशासन अलवर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

साक्षी जैन सुपुत्री श्रीमती सीमा जैन एवं स्व. श्री राजीव जैन तथा सुपौत्री श्रीमती मुन्नी देवी जैन एवं श्री सुमत चन्द जी जैन, 1/14 शांति कुंज, अलवर ने राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में VI रैंक प्राप्त कर असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित होकर समस्त पल्लीवाल जैन समाज को गौरवान्वित किया है।

कुशाल जैन सुपुत्र श्री पंकज जैन एवं श्रीमती रेखा जैन, सुपौत्र श्री अशोक कुमार जैन एवं श्रीमती माया देवी जैन (रसीदपुर वाले) महवा, जिला दौसा ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान से माध्यमिक परीक्षा 2022 में 97% अंक प्राप्त कर पल्लीवाल जैन समाज का नाम रोशन किया है।

हर्षिता जैन सुपुत्री श्री पंकज जैन एवं श्रीमती रेखा जैन, सुपौत्री श्री अशोक कुमार जैन एवं श्रीमती माया देवी जैन (रसीदपुर वाले) महवा, जिला दौसा का नीट-2022 में चयनित होने पर समस्त पल्लीवाल जैन समाज का नाम रोशन किया है।

आश्वी जैन सुपुत्री श्री संजय कुमार जैन एवं श्रीमती श्वेता जैन, सुपौत्री श्री शिखर चंद जैन एवं श्रीमती तारा देवी जैन, निवासी आवास विकास कॉलोनी, सिकंदरा आगरा ने सीबीएसई की सेकेंडरी परीक्षा 97% अंक के साथ उत्तीर्ण कर समस्त पल्लीवाल जैन समाज का नाम रोशन किया है।

कीर्ति जैन सुपुत्री श्री शैलेश कुमार जैन सुपौत्री श्री रमेश चंद जैन, निवासी दाउदपुर अलवर ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान उच्च माध्यमिक शिक्षा परीक्षा (कक्षा 12) कला वर्ग में 88.40% अंक प्राप्त किए।

अ.भा.प. जैन महासभा सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित करती है।

भावभीनी श्रद्धांजलि



स्व. श्री शान्ती स्वरूप जी जैन
(पुण्य तिथि 13.09.2016)

स्व. श्रीमती सुशीला जी जैन
(पुण्य तिथि 25.06.2006)

स्व. श्री रोहिताश्व जी जैन
(पुण्य तिथि 16.02.2016)

आपका स्नेह, सद्व्यवहार, धर्मपरायणता, सेवा भावना एवं
प्रेरणादायक चरित्र सदैव हमारा मार्गदर्शन करता रहेगा।
हम सभी आपको शत् शत् नमन करते हुये
अश्रुपूरित श्रद्धान्जलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

पुत्र-पुत्रवधु :
श्रीमती वीना जैन धर्मपत्नी स्व. श्री रोहिताश्व जैन
अरूण जैन-नीलम जैन
पौत्र-पौत्रवधु :
मुदित जैन-मोनिका जैन
वैभव जैन-रिमझिम जैन
निखिल जैन
नवासे-नवासे वधु :
अंशुमन-शालू, विक्रम-शिल्पी
विशाल-सुमित, विनय-यूथिका

पुत्री-दामाद :
अनिला जैन-अशोक कुमार जैन
ममता जैन-उमेश कुमार जैन
स्व. मालती जैन-राकेश कुमार जैन
पौत्री-पौत्री दामाद :
स्वाति जैन-अमरेन्द्र जैन
नवासी-नवासी दामाद :
नेहा-राहुल
यामिनी-चिराग
ऋतु-भानु

प्रपौत्र, प्रपौत्री :
माही, मानवित, हर्षिका, विहाना

निवास :
दीवान जी का बाग, स्कीम नं. 10-बी के सामने, अलवर

तृतीय पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्रीमती मालती जैन

(25.6.1964 - 30.09.2019)

हम सभी परिवारजन आपके प्रेरणादायक चरित्र का स्मरण करते हुए
श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

राकेश जैन *(पति)*
अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता (PHED)

देवर-देवरानी :
राजेन्द्र-कल्पना
प्रमोद-रचना

ननद-नन्दोई :
संगीता-जय प्रकाश
नीतू

पुत्र-पुत्रवधु :
विनय जैन-यूथिका जैन

पुत्री-दामाद :
ऋतु जैन-भानू जैन

पौत्र : ग्रहिल

नवासा, नवासी : आर्जव, वेदिका

भाई-भाभी :
बीना धर्मपत्नी स्व. श्री रोहिताश्व जैन
अरूण-नीलम

बहन-बहनोई :
अनिला-अशोक कुमार
ममता-उमेश कुमार

निवास

S-1, 183-184, Astvinayak Appartment, Kushibihar Colony, Near Patrakar Colony, Mansarovar, Jaipur • Mob.: 9829920033, 9783816698

QUALITY WORKS • PROMPT SERVICE • COMPETITIVE RATES

PRODUCTS :
Transmission Line Towers (HT&LT), Telecom Towers, Wind Mill Structures, Sub-Station Structures, Lattice Structures, RSJ Poles & GI Earthing Strips.

FULLY EQUIPPED ULTRA MODERN FABRICATION AND GALVANIZING PLANT WITH EOT CRANES, HOISTS, POWER TROLLEYS, TESTING LABS & ETP SYSTEM TO ENSURE GREEN ENVIRONMENT

Fabrication & Galvanizing done as per IS, BIS, ASTM, DIN & ISO Standards
Bath Size : 9m (L) x 0.8m (W) x 1.4m (D)
Plant Capacity : 18000 Tons / Year

Vijay Transmission PVT. LTD.

Plant :
PNH No. 100, Village Kanhera, Block Dharsiva, Uria Acholi Marg, Dist. Raipur-492001
Tel.: (0771) 305 4900 • Fax : (0771) 232 3162

Corporate Office :
210, 211, 2nd Floor, Kamla Space, S.V. Road, Santacruz (West), Mumbai-400054
Tel.: 022-262183401 • Fax : +91-022-26609915
E-mail : info@vijaytransmission.com

पत्रिका विज्ञापन सहयोग राशि

** संशोधित दरें दिनांक 25.01.2022 से लागू*

	वार्षिक	मासिक
कवर पृष्ठ अंतिम (मल्टीकलर)	31,000/-	
कवर पृष्ठ द्वितीय (मल्टीकलर)	25,000/-	
कवर पृष्ठ तृतीय (मल्टीकलर)	25,000/-	
कलर पृष्ठ (मल्टीकलर)	21,000/-	3,000/-
पुण्य स्मृति आधा पृष्ठ श्वेत श्याम	10,000/-	1,000/-
पुण्य स्मृति पूरा पृष्ठ श्वेत श्याम	15,000/-	1,500/-

पत्रिका सदस्यता

पत्रिका वार्षिक शुल्क	50/-	5/-
पत्रिका आजीवन सदस्य	500/-	
पत्रिका संरक्षक सदस्य	11,000/-	
पत्रिका हितैशी सदस्य	5100/-	

सूचना

(अ) रु. 500/- से कम के आर्थिक सहयोग राशि वालों के नाम पत्रिका में प्रकाशित नहीं किये जायेंगे।

(ब) जो सदस्य अपनी पत्रिका कोरियर द्वारा प्राप्त करना चाहते हैं वह रु. 50/- प्रति माह के हिसाब से एक वर्ष का शुल्क रु. 600/- श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका को भेजें।

- ***पत्रिका हेतु प्रकाशनार्थ सामग्री पत्रिका संयोजक/सम्पादक के पास ही प्रेषित करें, जो प्रत्येक माह की 15 तारीख तक प्राप्त होनी चाहिये।***
- *पत्रिका हेतु सदस्यता शुल्क/विशेष सहायता संयोजक के पास प्रेषित करें।*
- *पत्रिका में स्थान उपलब्ध होने पर ही विज्ञापन का प्रकाशन किया जायेगा।*
- *गत वर्ष के रंगीन विज्ञापनदाताओं की बकाया विज्ञापन सहयोग राशि शीघ्र संयोजक के पास भिजवाने का कष्ट करें।*

आप पत्रिका की भुगतान राशि 'श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका' के नाम से या ऑनलाईन खाते में भी भेज सकते हैं, विवरण निम्न है :-

"SHRI PALLIWAL JAIN PATRIKA"
Bank Name : **BANK OF BARODA** • Branch : **DURGAPURA, JAIPUR**
A/c No.: **38260100005783** • IFSC Code : **BARB0DURJAI**

पत्रिका राशि ऑनलाईन जमा कराने के बाद संयोजक को सूचना देवें एवं ट्रांसफर राशि का स्क्रीन शॉट भी भेजें, इसके अभाव में जमा राशि का समायोजन किया जाना संभव नहीं होगा।

